बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना–800001

(पंजीयन सं0–633/2003)

अध्यक्ष,
सुरेश कुमार शर्मा
मो0 9473191199, 9431479774
महासचिव,
सुशील कुमार
मो0 9431091417

पत्रांकः–.....05..... दिनांकः–.....11-1-12.....

सेवा में,

गृह सचिव,
बिहार।

विषयः– श्री गयानन्द यादव, बि.प्र.से. तत्कालीन प्रखण्ड विकास पदाधिकारी,पलासी, जिला–अररिया के साथ अमर्यादित व्यवहार करने तथा माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों का उल्लंधन करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि श्री गयानन्द यादव, बि.प्र.से. तत्कालीन प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, पलासी, अररिया को उनके वर्तमान पदस्थापन जिला अरवल से गिरफ्तार करने के उपरांत अररिया पुलिस द्वारा अररिया में हथकड़ी पहना कर इसकी फोटोग्राफी एवं विडीयोग्राफी करायी गयी। बिहार प्रशासनिक सेवा संघ इस घटना की भर्त्सना करती है समाचार पत्रों में प्रकाशित तस्वीर की प्रति संलग्न है। यह माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों का उल्लंघन है। सुलभ प्रसंग हेतु न्यायालय के आदेश की प्रति संलग्न करते हुए अनुरोध है कि इस कृत्य में दोषी पुलिस कर्मियों के विरूद्ध कार्रवाई की जाय। संघ की यह अपेक्षा है कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का भविष्य में उल्लंघन की पुनरावृति न हो इसके लिए संबंधित को आदेश निर्गत करने की कृपा की जाय।

अनु०–यथोक्त।

विश्वासभाजन
ह0/–
(सुशील कुमार)
महासचिव

ज्ञापांक–05 दिनांक–11.01.12

प्रतिलिपिः– पुलिस महानिदेशक, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित। उपरोक्त के संदर्भ में अनुरोध है कि भवदीय स्तर से भी कार्रवाई की जाय।

ह0/–
(सुशील कुमार)
महासचिव

ज्ञापांक–05 दिनांक–11.01.12

प्रतिलिपिः– सम्पादक, सभी दैनिक समाचार पत्रों हिन्दी/अंग्रेजी को सूचनार्थ एवं प्रकाशनार्थ प्रेषित।

ह0/–
(सुशील कुमार)
महासचिव

ज्ञापांक–05 दिनांक–11.01.12

प्रतिलिपिः– अध्यक्ष/सचिव, जिला इकाई अररिया को सूचनार्थ प्रेषित।

सुशील 11/1/12
(सुशील कुमार)
महासचिव